# कमर्शियल लाइसेंस शुल्क हटाने का संकल्प पारित



## व्यापारियों के प्रदर्शन के बाद सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्णय

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में लागू कमर्शियल लाइसेंस शुल्क के विरोध में बुधवार को व्यापारियों ने आईएसबीटी स्थित नगर निगम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों की मांग के बीच निगम परिषद की बैठक में पार्षदों ने भी इस शुल्क को लेकर आपत्ति जताई। इसके बाद निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की अध्यक्षता में शुल्क हटाने का संकल्प पारित किया गया और शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा कि कमर्शियल लाइसेंस शुल्क वसूली का आदेश वर्ष 2022 में तत्कालीन प्रशासक द्वारा जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि परिषद के गठन के बाद जनहित को देखते हुए इस आदेश को वापस लिया जा सकता है। उन्होंने व्यापारियों की समस्या दूर करने के लिए प्रस्ताव लाने की बात कही। एमआईसी सदस्य मनोज राठौर ने कहा कि आदेश में अभी स्पष्टता की आवश्यकता है और इस संबंध में सरकार से चर्चा कर शुल्क वापस कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि यह शुल्क हटना चाहिए, क्योंकि प्रशासक काल के दौरान इसे लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि भी इसके पक्ष में नहीं हैं। बैठक के बाहर भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने कहा कि प्रदेश के अन्य शहरों में यह शुल्क लागू नहीं है, जबकि भोपाल के व्यापारियों से इसकी वसूली की जा रही है। उन्होंने इसे अतिरिक्त आर्थिक भार बताते हुए राहत की मांग की। व्यापारिक प्रतिनिधियों ने कहा कि भोपाल के व्यापारियों के साथ अलग व्यवहार नहीं होना चाहिए।

# रिक्त भवनों को किराये पर देने के प्रस्ताव पारित

## निगम परिषद ने सोन चिरैया हॉकर्स कॉर्नर का प्रस्ताव पुनर्विचार के लिए लौटाया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम भोपाल की परिषद के साधारण सम्मिलन में निगम स्वामित्व के रिक्त भवनों को किराये पर दिए जाने संबंधी प्रस्तावों को बहुमत के आधार पर पारित किया गया। वहीं सोन चिरैया हॉकर्स कॉर्नर की ई-निविदा संबंधी प्रस्ताव को विस्तृत चर्चा के बाद महापौर परिषद के पुनर्विचार के लिए वापस कर दिया गया। यह व्यवस्था निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने आसंदी से दी।

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित साधारण सम्मिलन में गत 23 मार्च 2026 के साधारण सम्मिलन तथा 16 अप्रैल और 9 जून 2026 को आयोजित विशेष सम्मिलनों के कार्यवृत्त एवं कार्यवाही की पुष्टि की गई। बैठक में महापौर मालती राय, महापौर परिषद के सदस्यों, सत्ता पक्ष के पार्षदों तथा नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी सहित विपक्षी पार्षदों ने कार्यसूची में शामिल विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

परिषद ने न्यू मार्केट स्थित जनसम्पर्क कार्यालय के रिक्त भवन को मासिक किराये पर देने का प्रस्ताव बहुमत से पारित किया। इसके अलावा स्मार्ट सिटी कार्यालय के अग्रभाग के रिक्त कार्यालय, मनीषा मार्केट शाहपुरा के पास भवन अनुज्ञा शाखा के रिक्त कार्यालय, आईएसबीटी स्थित रिक्त कार्यालय और माता मंदिर स्थित हर्षवर्धन कॉम्प्लेक्स के रिक्त कार्यालय को किराये पर देने संबंधी प्रस्ताव भी बहुमत से मंजूर किए गए।

अध्यक्ष की अनुमति से महापौर परिषद सदस्य जगदीश यादव द्वारा फतेहगढ़ स्थित अन्नपूर्णा भवन के ऊपरी तल किराये पर देने संबंधी प्रस्ताव भी सदन में रखा गया, जिसे बहुमत के आधार पर पारित किया गया। इसके साथ ही जोन क्रमांक 7 के वार्ड क्रमांक 31 के अंतर्गत नगर निगम के नवीन मुख्यालय अटल भवन के सर्विस ब्लॉक के आवंटन संबंधी प्रस्ताव को भी परिषद ने बहुमत से मंजूरी दी।

अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने इन सभी प्रस्तावों को पारित करते हुए आसंदी से व्यवस्था दी कि



नगर निगम के भवनों को किराये पर देने की पूरी प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किराये पर देने की कार्यवाही नियमानुसार ही की जानी चाहिए।

**सोन चिरैया हॉकर्स कॉर्नर पर पुनर्विचारः** बैठक में सोन चिरैया हॉकर्स कॉर्नर की ई-निविदा संबंधी प्रस्ताव पर भी सदस्यों ने विस्तृत चर्चा की। चर्चा के बाद निगम अध्यक्ष ने प्रस्ताव को महापौर परिषद के पुनर्विचार के लिए वापस करने की व्यवस्था दी। इस निर्णय के बाद प्रस्ताव पर आगे की कार्रवाई महापौर परिषद के पुनर्विचार के बाद होगी।

महापौर ने शहर के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत नगर निगम को मिलने वाली राशि का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक पार्षद को 50 लाख रुपये वार्ड नियोजन निधि के रूप में तथा संपत्तिकर की 50 प्रतिशत



राशि भी विकास कार्यों के लिए आवंटित की गई है। उन्होंने पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्रों के विकास के लिए जागरूक रहकर कार्यों को पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास करने का आह्वान किया।

### ग्रीष्मकालीन जलप्रदाय पर भी चर्चा

आगामी ग्रीष्म ऋतु में जलप्रदाय के लिए पानी की उपलब्धता को लेकर पार्षदों द्वारा पूछे गए सवालों पर महापौर मालती राय ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश से बड़ा तालाब, कोलार बांध और केरवा बांध में पर्याप्त पानी आ गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मां नर्मदा में भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। बैठक के दौरान पार्षद आरती अनेजा और शिरीन खान ने लोक महत्व के प्रश्न पूछे। प्रश्नकाल में पार्षदों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब महापौर परिषद के सदस्यों ने दिए। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बैठक के प्रारंभ में विगत दिनों और आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों की सदन के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। परिषद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री कैलाश चंद्र पंत, भाजपा पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष संजय सिंह यादव, कर्नाटक सरकार के पूर्व मंत्री रामचन्द्र गौडा, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोतीलाल बोरा की धर्मपत्नी एवं दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण बोरा की माताजी शांती बोरा, विदिशा जिले की पूर्व विधायक सुशीला देवी तथा पार्षद गीता माली की माताजी के आकस्मिक निधन पर सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अपनी उपलब्धियों से पहचान बनाएं केयर लीवर्स : भूरिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि बाल देखरेख संस्थाओं से बाहर आने वाले बच्चे और केयर लीवर्स परिस्थितियों के शिकार नहीं, बल्कि अपने भविष्य के निर्माता हैं। संघर्ष कितना भी बड़ा हो, सफलता उससे बड़ी हो सकती है।

सरकार का प्रयास है कि संरक्षण व्यवस्था से बाहर निकलने के बाद कोई बच्चा खुद को अकेला न समझे और उसे शिक्षा, कौशल, रोजगार व आत्मनिर्भरता के अवसर मिलें। वे बुधवार को भोपाल स्थित राज्य होटल प्रबंधन संस्थान में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रही




थीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के कई केयर लीवर्स मेहनत और प्रतिभा के बल पर देश-विदेश में पहचान बना रहे हैं। सही अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर परिस्थितियां सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं।

सुश्री भूरिया ने युवाओं से अपील की कि वे केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि स्वयं दूसरों को रोजगार देने की स्थिति में पहुंचें और अपने साथियों की भी मदद करें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का दायरा बढ़ाने और इसे अधिक सरल बनाने पर काम किया जा रहा है, ताकि अधिक बच्चों और युवाओं को शिक्षा, कौशल, रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सहयोग मिल सके।

कार्यशाला में सफल केयर लीवर्स ने संघर्ष से सफलता तक के अनुभव साझा किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर उनकी सफलता की कहानियों पर आधारित कॉफी टेबल पुस्तक का विमोचन हुआ। बच्चों द्वारा तैयार जूट बैग और अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मंत्री ने इनके हुनर को बाजार से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री ने होमगार्ड के आपदा प्रबंधन उपकरणों की प्रदर्शनी देखी

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत होमगार्ड द्वारा प्रदर्शित आपदा प्रबंधन उपकरणों और बचाव कार्य में उपयोग होने वाले आधुनिक संसाधनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। होमगार्ड अधिकारियों ने विभिन्न उपकरणों की कार्यप्रणाली और उपयोग की जानकारी दी। इन उपकरणों का उपयोग बाढ़, आगजनी, भवन दुर्घटना, सड़क हादसे सहित आपात परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्यों के लिए किया जाता है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों और जवानों के प्रयासों की सराहना की।

# सप्रे संग्रहालय की प्रचुर संदर्भ संपदा देख यूके हिंदी समिति हुई अभिभूत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** युनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) में हिन्दी के प्रचार-प्रसार में संलग्न यूके हिन्दी समिति ने बुधवार को माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय का अवलोकन किया। समिति की अध्यक्ष सुश्री सुरेखा चोफला सप्रे संग्रहालय में संग्रहीत प्रचुर संदर्भ संपदा देखकर अभिभूत हो गईं। उनकी प्रतिक्रिया रही- यह संस्थान जिज्ञासुओं की ज्ञानपिपासा का समाधान करने में असाधारण भूमिका निभा रहा है। सुरेखा जी की अगुआई में यूके के प्रतिभाशाली हिन्दी विद्यार्थियों का समूह भारत आया हुआ है। समूह ने सर्वप्रथम दुर्लभ संदर्भ सामग्री का अवलोकन किया। पश्चात हिन्दी



पत्रकारिता के दो सौ साल के इतिहास के प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं की प्रदर्शनी (पीपीटी) देखी। संस्थापक विजयदत्त श्रीधर से सवाल-जवाब किए। संग्रहालय की ओर से प्रबंधक विवेक श्रीधर ने हिन्दी पत्रकारिता द्विशताब्दी के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा जारी विशेष डाक टिकट का एल्बम सुरेखा जी को भेंट किया। रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के डा. अरुण पाण्डेय, शोध निदेशक डा. मंगला अनुजा, प्रशासनिक अधिकारी साधना देवांगन, लाइब्रेरियन गोल्डी पाण्डेय ने समूह का मार्गदर्शन किया।

## भोपाल हाट में आज से सजेगा राखी मेला

**नप्र, भोपाल :** त्योहारों की उमंग और ग्रामीण हुनर के रंगों से भोपाल हाट परिसर एक बार फिर गुलजार होने जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 20 से 26 अगस्त तक राखी मेला-2026 का आयोजन किया जाएगा।

मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों के महिला स्व-सहायता समूह अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे। यहां भोपाल की आकर्षक राखियां और ज्वेलरी, उज्जैन के बांग प्रिंट वस्त्र, देवास के लेदर उत्पाद, अशोकनगर की चंदेरी साड़ी-सूट, टीकमगढ़ की चादरें, रायसेन के नाइट लैंप और जूट बैग, हरदा की ज्वेलरी एवं वस्त्र, खरगोन के महेश्वर साड़ी-सूट, मंदसौर की मीनाकारी ज्वेलरी तथा छतरपुर के मिट्टी के बर्तन, तवे, कढ़ाई और टेराकोटा उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# एसएसबी जवान ने स्वयं को गोली मारकर की आत्महत्या

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित सीएसडी कैंप डिपो में बुधवार (19 अगस्त 2026) तड़के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

मृतक जवान की पहचान महाराष्ट्र निवासी 35 वर्षीय संदीप खारवाते (खरमटे) के रूप में हुई है। घटना करीब साढ़े तीन बजे की बताई जा रही है। नाइट ड्यूटी खत्म करने के बाद जवान ने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, जवान ने जबड़े के निचले हिस्से में राइफल सटाकर अंगूठे से ट्रिगर दबाया, जिससे गोली सिर से आर-पार हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल की मॉर्च्युरी भेज दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी से आखिरी बात और सुसाइड नोट

मृतक की पत्नी ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे संदीप से आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। उस समय उन्होंने बताया था कि वे ड्यूटी पर हैं। इसके बाद कोई बातचीत नहीं हुई। बुधवार सुबह करीब 4 बजे विभाग की ओर से उन्हें पति की मौत की सूचना मिली।

घटनास्थल से मराठी भाषा में लिखा एक सुसाइड नोट मिला है। कमला नगर थाना प्रभारी निरूपा पांडे के मुताबिक, प्राथमिक जानकारी के अनुसार नोट में जवान ने पत्नी से माफी मांगी है और निजी कारणों का उल्लेख किया है। नोट का हिंदी अनुवाद कराकर विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस जवान के साथियों, विभागीय अधिकारियों और परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। आत्महत्या के सटीक कारण सुसाइड नोट के पूर्ण अनुवाद और आगे की जांच के बाद ही स्पष्ट होंगे।


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डल अधिकारी उप वनमण्डल कन्नौद, वनमण्डल देवास क्षेत्रीय

sdokannod@rediffmail.com Mo. No. 9424792198

क्रमांक/सु.रा/2026/2064 कन्नौद, दिनाँक 11/08/2026

### जाहिर सूचना

उप वनमण्डल कन्नौद, वनमण्डल देवास क्षेत्रीय के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र कन्नौद के कर्मचारियों द्वारा तालिका में दर्शाये अनुसार वाहन को वनोपज अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया है, जिसके अधिकृत (CONFISCATE) की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है :-

| क्र. | वाहन मालिक/वाहन क्रेता/आरोपी का नाम एवं पूर्ण पता | वाहन का प्रकार | वाहन का पंजीयन नम्बर | वन परिक्षेत्र का नाम जिसके अन्तर्गत वाहन जप्त किया गया है। | वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन स्वामी-जितेन्द्र पिता बटसिंह बारेला निवासी ग्राम बड़ागाँव ( कोलारी) तहसील कन्नौद जिला देवास (म.प्र.) | मोटर साईकिल Hero HF Deluxe | MP41ZK8794 | कन्नौद | 44992x13 17.04.2026 |

अतएव इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सर्व सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि जो व्यक्ति वाहन मालिक है अथवा वाहन से हित रखते है, वे विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उप वनमण्डल कार्यालय कन्नौद क्षेत्रीय में कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर जप्तशुदा वाहन को शासन पक्ष मे अधिकृत (CONFISCATE) किया जावेगा।

(दिनेश वास्केल)
प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी
कन्नौद वनमण्डल देवास क्षेत्रीय

जी-17312/26



## पश्चिम मध्य रेल

**खुली निविदा (एकल प्रैकेट प्रणाली)**

मुख्य अभियंता (क्रय) / मुख्या पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु CPCWCR-02B-2026, दिनांक: 14.08.2026 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएँ बन्द होने की तारीख 08/09/2026 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होंगी तथा हस्त निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **(1) निविदा क्रमांक:** CPCWCR-02B-2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर और भोपाल मंडल में आरडीएसओ (RDSO) रिपोर्ट संख्या BS-106 (संशोधन 2) के अनुसार, इंस्ट्रूमेंटेशन के माध्यम से आरडीएसओ मानक कंपोजिट और ओपन-वेब गर्डर मेगा/मेजर पुलों (25 टन एक्सेल लोडिंग मानकों के लिए नामित) पर गति बढ़ाना (कुल 12 नग पुल)। **निविदा की अनुमानित मूल्य:** ₹ 6,45,28,464/- **निविदा फॉर्म की कीमत:** ₹0.00 **बयाना राशि:** ₹ 12,90,600/- **कार्य समापन अवधि:** 12 माह **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 08.09.2026 को 15.00 बजे बंद एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

(हस्ता.)

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (क्रय), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-विदिशा

क्रमांक/औषधि भण्डार/26/6319-20 विदिशा, दिनांक-06/08/26

### निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला विदिशा अंतगर्त स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध अनुपयोगी कण्डम सामग्री (फर्नीचर एवं उपकरण) के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित सम्पूर्ण विवरण www.mptenders.gov.in पद पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता द्वारा राशि 500/-रू जमा कर निविदा फार्म क्रय किया जा सकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म आनलाईन क्रय जमा करने की प्रारम्भ तिथी | - | 19.08.2026 समय प्रात: 10.00 बज से |
| 2 | प्रीबीड मीटिंग | - | 24.08.2026 समय दोपहर 2.30 बजे |
| 3 | निविदा फार्म आनलाईन जमा करने की अतिम तिथी तक | - | 10.09.2026 समय दोपहर 2.30 बजे |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | - | 11.09.2026 समय दोपहर 2.30 बजे |

(डॉ रामहित कुमार)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-विदिशा

जी-17308/26



## मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com

क्रमांक 386/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 19.08.2026

### निविदा सूचना 294/2026_STDC_350856_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम- कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में विभिन्न विद्युत एवं ई.एल.व्ही. संबंधित मेंटेनेंस एवं सर्विस के कार्य।**

(कार्य पूर्णता का समय 01 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 39.58 लाख।

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 01.09.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/127656/2026 कार्यपालन यंत्री



## कार्यालय :-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला न्यायालय, भोपाल के कार्यालय उपयोग की परिवहन व्यवस्था हेतु निविदा दस्तावेज में उल्लेखित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत इनोवा/अर्टिगा वाहन किराये पर लेने हेतु अनुभवी, प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं से निविदायें आमंत्रित की जाना है। इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा दिनांक 01.09.2026 को सायं 05 :00 बजे तक जमा कर सकते है। उक्त प्राप्त निविदायें दिनांक 02.09.2026 को सायं 05 :00 बजे अधिकृत कमेटी के समक्ष खोली जावेगी। प्राप्त निविदाओं में से न्यूनतम राशि की प्रस्तुत निविदा को अधिकृत कमेटी द्वारा विचार में लिया जावेगा।

उक्त निविदा की शर्तों संबंधी निविदा प्रलेख विस्तृत दस्तावेज माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की वेबसाइट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय भोपाल की वेबसाइट https://bhopal.dcourts.gov.in https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, जहां से निविदा प्रलेख एवं शर्ते डाउनलोड की जा सकती है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
भोपाल म.प्र

जी-17354/26



## OFFICE OF M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD TECHNICAL DIVISION No.-2

DISTT. BHOPAL

N.I.T. No. 296/e-tendering/296 Bhopal, Dated : 19.08.2026

### NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief M.P. Public Works Department Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Name & Place of Work : **Remaining Work at Rest House and Training Center Bhopal. Tender Number : 2026_MPSAM_530838_1 (PAC amount Rs. 378.69 Lakh).** The following works Tender to be **Received online up 17:30 PM on 16.09.2026** Technical Bid Documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT if required shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Development works and locations & key dates can also be seen on our website **http://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/127654/2026 EXECUTIVE ENGINEER



## कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल (म.प्र.)

(Office-0755-2742263,Fax-0755-2742250,Email-Jscjbpl@mp.gov.in)

पत्र क्रं.478/निर्वाह/2026 भोपाल, दिनांक 17/8/2026

### ई-निविदा (तृतीय) आमंत्रण सूचना
### वित्तीय वर्ष 2026-27

म.प्र. जेल पूर्ति नियम, 1968 एवं मध्य प्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम-2015 (यथा संशोधित-2022) के अधीन केन्द्रीय जेल भोपाल में परिरुद्ध बंदियों के लिये वित्तीय वर्ष 2026-27 में सब्जी, फल एवं गौवंशें के लिए भूसा आदि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु वार्षिक ई-निविदा विज्ञप्ति निम्नानुसार जारी की जाती है :-

**ई-निविदा कार्यक्रम का विवरण**

| क्रं. | विवरण | दिनांक व समय | सथान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 24.08.2026 दोपहर 12 : 00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 31.08.2026 शाम 06 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर फार्म ऑनलाईन क्रय किये जा सकेंगे। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 31.08.2026 शाम 06 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत की जावेगी। |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 31.08.2026 शाम 06 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल |
| 5. | नमूनों का गुणवत्ता परीक्षण | 01.09.2026 दोपहर 12 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 02.09.2026 दोपहर 12 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल |
| 7. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 05.09.2026 दोपहर 12 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल |

ई-निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। ई-निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, इसकी सूचना पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी। ई-निविदा संबंधी शेष समस्त कार्यवाही संबंधित जेलों द्वारा की जावेगी।

जी-17355/26 जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल